M 8827

GOVT. BRENNEN COLLEGE CENTRAL LIBRARY THALASSERY

Reg. No. : ....

Name : ....

II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (CCSS – 2014 Admn. – Regular) Examination, May 2015

COMMON COURSE IN HINDI

2A08 1HIN : Sampreshaneey Hindi

Time : 3 Hours Max.Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

1) बड़े से बड़े विद्वान से लेकर साधारण से साधारण आदमी तक के मनोरंजन का साधन है 'सिनेमा' – अपना विचार प्रकट कीजिए ।

2) ग्रामवास और नगरवास दोनों में लाभ भी हैं दोष भी ? आपका तर्कसम्मत मत प्रकट कीजिए । **(1×7=7)**

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

3) क्रिकेट की दुनिया के ऐतिहासिक विजेता सचिन तेंदुलकर से एक भेटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिन्दुओं की सहायता से **एक** कहानी लिखिए । **(1×7=7)**

एक कौआ – चोंच में रोटी का टुकड़ा – पेड़ पर बैठा – एक सियार ने देखा – रूप – गुण प्रशंसा – कंठ की अति प्रशंसा – तारीफ सुनकर फूल गया – काँव – काँव करना – रोटी गिर पड़ी – सियार भाग ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

5) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

The position of the mother is the highest in the world, as it is the one place in which to learn and exercise the greatest unselfishness. The love of God is the only love that is higher than a mother's love ; all others are lower. It is the duty of the mother to think of her children first and then of herself. But instead of that, if the parents are always thinking of themselves first, the results is that the relation between parents and children becomes the same as that between birds and their offspring which, as soon as their wings are fledged, do not recognise any parents.

P.T.O.

6) **अंग्रेज़ी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

भोजन, वस्त्र और आवास मनुष्य की नितांत आवश्यकताएँ हैं । ये वस्तुएँ सस्ती और सुलभ होनी चाहिए । ताकि मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सुगमतापूर्वक कर सके । लेकिन यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि ये तीनों चीज़े दिन पर दिन महँगी होती जा रही है । ज़ाहिर है कि महँगाई के कारण जनसाधारण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता और आर्थिक चिन्ता के भार से इस कदर दब जाता है कि उसकी सादी हँसी खुशी छीन जाती है, स्वास्थ्य धीरे धीरे गिरने लगता है, उसकी कार्यक्षमता कम हो जाती है और अन्ततोगत्वा इसका प्रभाव उसकी आमदनी पर भी पड़ता है ।

7) आपके कॉलेज में हुए वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

8) भेजे हुए नमूने के अनुसार माल न भेजने के सिलसिले में मुंबई के हीरालाल एण्ड कंपनी के नाम एक पत्र तैयार कीजिए । **(3×3=9)**

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

9) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए ।

1) संचार, निगम, दैनिक, संचालक
2) लाभांश, पृष्ठांकन, अतिरिक्त, स्थायी
3) स्नातक, अनुदान, कटौती, उधार
4) मुद्रा, परीक्षक, विनिमय, क्षतिपूर्ति
5) निर्यात, निरीक्षक, संगठन, योग्यता
6) नमूना, आयात, श्रमिक, अभिज्ञान

10) निम्नलिखित शब्दों के **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Royalty, Registration, Lease, Journalism
2) Increment, Manager, Nominee, Parliament
3) Secretariat, Resignation, Organisation, Sale
4) Clerk, Control, Dealer, Document
5) Expenditure, Auditor, Allowance, Benefit
6) Broker, Accountant, Classification, Customer.

11) बाल बढ़ाने का एक तेल आपने विकसित किया है । उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए :

हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा ज़रूरत है । एक शक्तिबोध और दूसरा सौंदर्य बोध । हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमज़ोरी की भावना को बल दे या कुरुचि की भावना को ही । क्या आप चलती रेलों में, मुसाफिर खानों में, कलबों, चौपालों और मोटर-बसों में कभी ऐसी चर्चा करते हैं कि हमारे देश में यह नहीं हो रहा, वह नहीं हो रहा, बड़ी गड़बड़ी और परेशानी है । अपने देश की किसी दूसरे देश के साथ तुलना कर अपने देश को हीन और दूसरे को श्रेष्ठ सिद्ध करते हैं तो आप देश के शक्तिबोध को भयंकर चोट पहुँचाते हैं । यदि आप कभी केला खाकर छिलका रास्ते में फेंकते हैं , अपने घर का कुड़ा बाहर फेंकते हैं , मुँह से गंदे शब्दों से गंदे भाव प्रकट करते हैं, उत्सवों , मेलों, रेलों, खेलों में ठेलम-ठेल करते हैं, अपने घर, दफ्तर, गली को गंदा करते हैं और होटलों, धर्मशालाओं आदि में पीक थूकते हैं तो आप देश के सौंदर्य बोध को भयंकर आघात पहुँचाते हैं । **(3×3=9)**

V. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

13) सर्वनाम क्या है ? दो उदाहरण लिखिए ।

14) कारक का परिचय दीजिए ।

15) वाच्य क्या है ? एक उदाहरण दीजिए ।

16) विशेषण क्या है ? दो उदाहरण लिखिए ।

17) किसी एक मुहावरे अथवा एक लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

18) 'जंगल' शब्द के तीन एकार्थक शब्द लिखिए ।

19) 'अक्षर' शब्द का अनेकार्थ शब्द लिखिए ।

20) मैं एक गीत गाना चाहिए । (शुद्ध कीजिए)

21) राजू को चार रोटियाँ खा सकीं । (शुद्ध कीजिए)

22) सीता ने पढ़नी लगी । (शुद्ध कीजिए) **(8×1=8)**